Series JMS/1

**SET-1**

कोड नं.
Code No. **4/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम ब)
## (Course B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum marks : 80*

***सामान्य निर्देश:***

*(i) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं-* ***क, ख, ग*** *और* ***घ।***

*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना* ***अनिवार्य*** *है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*



TO WATCH ALL VIDEOS & NOTES!
DOWNLOAD - EXTRA CLASS APP
GET IT ON Google Play
ExtraClass Learning App

## खंड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

"सफलता चाहने वाले मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य यह देखना है कि उसकी रुचि किन कार्यों की ओर अधिक है। यह बात गलत है कि हर कोई मनुष्य हर एक काम कर सकता है। लॉर्ड वेस्टरफील्ड स्वाभाविक प्रवृत्तियों के काम को अनावश्यक समझते थे और केवल परिश्रम को ही सफलता का आधार मानते थे। इसी सिद्धान्त के अनुसार उन्होंने अपने बेटे स्टेनहाप को, जो सुस्त, ढीलाढाला, असावधान था, सत्पुरुष बनाने का प्रयास किया। वर्षों परिश्रम करने के बाद भी लड़का ज्यों का त्यों रहा और जीवन-भर योग्य न बन सका। स्वाभाविक प्रवृत्तियों को जानना कठिन भी नहीं है, बचपन के कामों को देखकर बताया जा सकता है कि बच्चा किस प्रकार का मनुष्य होगा। प्रायः यह संभावना प्रबल होती है कि छोटी आयु में कविता करने वाला कवि, सेना बनाकर चलने वाला सेनापति, भुट्टे चुराने वाला चोर-डाकू, पुरजे कसने वाला मैकेनिक और विज्ञान में रुचि रखने वाला वैज्ञानिक बनेगा।

जब यह विदित हो जाए कि लड़के की रुचि किस काम की ओर है तब यह करना चाहिए कि उसे उसी विषय में ऊँची शिक्षा दिलाई जाए। ऊँची शिक्षा प्राप्त करके मनुष्य अपने काम-धन्धे में कम परिश्रम से अधिक सफल हो सकता है, जिनके काम-धन्धे का पूर्ण प्रतिबिम्ब बचपन में नहीं दिखता, वे अपवाद ही हैं।

प्रत्येक मनुष्य में एक विशेष कार्य को अच्छी प्रकार करने की शक्ति होती है। वह बड़ी दृढ़ और उत्कृष्ट होती है। वह देर तक नहीं छिपती। उसी के अनुकूल व्यवसाय चुनने से ही सफलता मिलती है। जीवन में यदि आपने सही कार्यक्षेत्र चुन लिया तो समझ लीजिए कि बहुत बड़ा काम कर लिया।

(क) लॉर्ड वेस्टरफील्ड का क्या सिद्धान्त था? समझाइए। (2)

(ख) इसे उसने सर्वप्रथम किस पर आजमाया? और क्या परिणाम रहा? (2)

(ग) बालक आगे चलकर कैसा मनुष्य बनेगा, इसका अनुमान कैसे लगाया जा सकता है? (2)

(घ) सही कार्यक्षेत्र चुनने के क्या लाभ हैं? (2)

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। (1)

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2×3=6)

कार्य-थल को वे कभी नहीं पूछते- 'वह है कहाँ',<br>
कर दिखाते हैं असंभव को वही संभव यहाँ।



TO WATCH ALL VIDEOS & NOTES!
DOWNLOAD - EXTRA CLASS APP
Download on the App Store
ExtraClass Learning App

उलझनें आकर उन्हें पड़ती हैं जितनी ही जहाँ,
वे दिखाते हैं नया उत्साह उतना ही वहाँ।

जो रुकावट डालकर होवे कोई पर्वत खड़ा,
तो उसे देते हैं अपनी युक्तियों से वे उड़ा।

वन खंगालेंगे, करेंगे व्योम में बाजीगरी,
कुछ अजब धुन काम के करने की उनमें है भरी।

सब तरह से आज जितने देश हैं फूले-फले,
बुद्धि, विद्या, धन, वैभव के हैं जहाँ डेरे डले।

वे बनाने से उन्हीं के बन गए इतने भले,
वे सभी हैं हाथ से ऐसे सपूतों के पले।

लोग जब ऐसे समय पाकर जनम लेंगे कभी
देश की औ जाति की होगी भलाई भी तभी।

(क) कर्मवीरों की दो विशेषताएँ बताइए।

(ख) कैसे कह सकते हैं कि कर्मवीर मनुष्य में काम करने की अजब धुन होती है?

(ग) किसी देश के नागरिक कर्मवीर हों तो देश को क्या लाभ होता है?

**अथवा**

हम जब होंगे बड़े, घृणा का नाम मिटाकर लेंगे दम।
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश!
जब हम होंगे बड़े, देखना नहीं रहेगा यह परिवेश!

भ्रष्टाचार जमाखोरी की, आदत बहुत पुरानी है,
ये कुरीतियाँ मिटा हमें तो, नई चेतना लानी है।

एक घरौंदे जैसा आखिर, कितना और ढहेगा देश,
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश!

इसकी बागडोर हाथों में, ज़रा हमारे आने दो,
थोड़ा-सा बस पाँव हमारा, जीवन में टिक जाने दो।

हम खाते हैं शपथ, दुर्दशा कोई नहीं सहेगा देश,
घोर अभावों की ज्वाला में, कल से नहीं ढहेगा देश।

(क) कविता में बच्चा अपने बड़े होने पर क्या-क्या परिवर्तन करने का इच्छुक है? दो का उल्लेख दीजिए।



TO WATCH ALL VIDEOS & NOTES!
DOWNLOAD - EXTRA CLASS APP
GET IT ON Google Play
ExtraClass Learning App

(ख) हमारे समाज और परिवेश में क्या-क्या बुराइयाँ आ गई हैं? उनके क्या दुष्परिणाम हो रहे हैं?

(ग) कवि क्या शपथ खाता है और क्यों?

## खंड 'ख'

3. शब्द कब तक शब्द ही रहता है, पद नहीं कहलाता? शब्द तथा पद के एक-एक उदाहरण दीजिए। (2)

अथवा

व्याकरणिक नियमों के अनुसार शब्द व पद में क्या अंतर है?

4. नीचे लिखे वाक्यों में से किन्हीं **तीन** वाक्यों का रूपांतरण कीजिए - (3)

(क) वे हरदम किताबें खोलकर अध्ययन करते रहते थे। (संयुक्त वाक्य)

(ख) मैं सफल हुआ और कक्षा में प्रथम स्थान पर आया। (सरल वाक्य)

(ग) एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अण्डा तोड़ दिया। (मिश्र वाक्य)

(घ) वह छह मंजिली इमारत की छत थी जिस पर एक पर्णकुटी बनी थी। (सरल वाक्य)

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** पदों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए- (2)

यथार्थ, शांतिप्रिय, भीमार्जुन

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** को समस्त पद में परिवर्तित करके समास का नाम लिखिए - (2)

(i) विद्या रूपी धन

(ii) चंद्र है शिखर पर जिसके अर्थात् शिव

(iii) युद्ध में वीर

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** वाक्यों को शुद्ध कीजिए - (4)

(क) मैं तुम्हारे को अच्छी-अच्छी बातें बताऊंगा।

(ख) निरपराधी को दंड देना उचित नहीं।

(ग) वह कलाकार आदमी है।

(घ) मुखिया जी क्या कहे थे?



TO WATCH ALL VIDEOS & NOTES!
DOWNLOAD - EXTRA CLASS APP
Download on the App Store
ExtraClass

7. रिक्त स्थानों की पूर्ति किन्हीं **दो** उपयुक्त मुहावरों के द्वारा कीजिए – (2)

(क) विशेषज्ञ विद्वान को समझाना ऐसा ही है जैसे ...............................

........................................।

(ख) गणित का गृहकार्य करना मुझे.............................................

........................................ प्रतीत होता है।

(ग) मनुष्य को विपरीत परिस्थितियों में हमेशा ..................................

........................................चाहिए।

## खंड 'ग'

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) बड़े भाईसाहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं? (2)

(ख) बढ़ती हुई आबादी का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ा है? 'अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए। (2)

(ग) 'गिन्नी का सोना' पाठ में शुद्ध आदर्श की तुलना शुद्ध सोने से क्यों की गई है? (1)

अथवा

जापान में चाय पीना एक 'सेरेमनी' क्यों है?

9. परम्पराएँ या मान्यताएँ जब बंधन लगने लगें तो उनका टूट जाना ही क्यों अच्छा है? 'तताँरा–वामीरो' ने इसके लिए क्या त्याग किया? (5)

अथवा

'कारतूस' पाठ के आधार पर वज़ीर अली की चारित्रिक विशेषताओं का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

(क) मीराबाई ने श्रीकृष्ण से अपनी पीड़ा हरने की प्रार्थना किस प्रकार की है? अपने शब्दों में लिखिए। (2)

(ख) पर्वतीय प्रदेश में वर्षा के सौन्दर्य का वर्णन 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर अपने शब्दों में कीजिए। (2)

(ग) छाया भी कब छाया को ढूँढने लगती है? 'बिहारी' के दोहे के आधार पर उत्तर दीजिए। (1)

अथवा

'तोप' को कब–कब चमकाया जाता है? 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए।



TO WATCH ALL VIDEOS & NOTES!
DOWNLOAD - EXTRA CLASS APP
GET IT ON Google Play
ExtraClass Learning App

11. 'मनुष्यता' कविता में कवि ने सबको एक साथ होकर चलने की प्रेरणा क्यों दी है? इससे समाज को क्या लाभ हो सकता है? स्पष्ट कीजिए। (5)

**अथवा**

'आत्मत्राण' कविता में कवि की प्रार्थना से क्या संदेश मिलता है? अपने शब्दों में लिखिए।

12. हरिहर काका के साथ उनके भाइयों तथा ठाकुरबाड़ी के महंत ने कैसा व्यवहार किया? क्या आप उसे उचित मानते हैं? कारण सहित स्पष्ट कीजिए। (5)

**अथवा**

'सपनों के से दिन' कहानी के आधार पर पी.टी. साहब के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ बताते हुए लिखिए कि स्काउट परेड करते समय लेखक स्वयं को महत्त्वपूर्ण आदमी, एक फौजी जवान क्यों समझता था?

## खंड 'घ'

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - (5)

अ. वृक्षारोपण का महत्त्व
वृक्षारोपण का अर्थ
वृक्षारोपण क्यों
हमारा दायित्व

ब. इंटरनेट की दुनिया
इंटरनेट का तात्पर्य
सूचना का मुख्य साधन
लाभ तथा हानि

स. आधुनिक जीवन
आवश्यकताओं में वृद्धि
अशांति
क्या करें



TO WATCH ALL VIDEOS & NOTES!
DOWNLOAD - EXTRA CLASS APP
Download on the App Store
ExtraClass Learning App

**14.** अपने क्षेत्र में सार्वजनिक पुस्तकालय खुलवाने की आवश्यकता समझाते हुए दिल्ली के शिक्षा–मंत्री के नाम एक पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

कक्षा में अनजाने हो गए अभद्र व्यवहार के लिए कक्षा–अध्यापक से क्षमा–याचना करते हुए पत्र लिखिए।

**15.** आप अपने विद्यालय में सांस्कृतिक सचिव हैं। विद्यालय में होने वाली 'कविता–प्रतियोगिता' में भाग लेने के लिए आमंत्रण हेतु 25–30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद–विवाद प्रतियोगिता के लिए हिन्दी विभाग के संयोजक की ओर से 25–30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

**16.** दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए दो मित्रों के बीच संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। (5)

**अथवा**

दिल्ली में महिलाओं की असुरक्षा को लेकर दो महिलाओं के मध्य लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए।

**17.** आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

अपनी पुरानी साइकिल की बिक्री के लिए 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।



TO WATCH ALL VIDEOS & NOTES!
DOWNLOAD - EXTRA CLASS APP
GET IT ON Google Play
ExtraClass Learning App